# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

**Hindi Grammar(2nd term)** **Class**: 4 **Date**:03.07.2020

**Topic- अनुच्छेद लेखन** **Answer worksheet -2**

---

"**<u>मेरा भारत महान</u>** "विषय पर दिए गए संकेत बिन्दु के आधार पर एक अनुच्छेद लिखो :-

<u>संकेत बिन्दु :-</u>

- तुम्हारा देश
- देश का प्राकृतिक रूप
- देश की विशेषताएँ
- देश पर गर्व क्यों है
- देश के लिए तुम्हारा योगदान

मेरा देश महान है |मुझे गर्व है कि मैं इस महान भारत देश का नागरिक हूँ |मेरा देश संसार का सबसे निराला देश है |

हमारा देश प्राकृतिक रूप से बहुत धनी है |इसके उत्तर में बर्फ से ढका हिमालय पर्वत है जहाँ से गंगा - यमुना जैसी पवित्र नदियाँ निकलती हैं |इसके पूर्व में बंगाल की खाड़ी , पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण में हिन्द महासागर लहराता है |यहाँ गाँवों में हरियाली है और हमारा अन्नदाता किसान विभिन्न फसलें उगाता है |पेड़ - पौधे , फल - फूल , झरने , नदियाँ इसकी सुंदरता में चार - चाँद लगाती हैं |

भारत की धरती पर वीर सपूतों ने जन्म लिया | यहाँ की संस्कृति और सभ्यता पूरे संसार में प्रसिद्ध है |यहाँ सभी धर्म के लोग रहते हैं |मुझे अपने देश पर गर्व है क्योंकि देश को स्वतंत्र कराने में कितने लोग शहीद हो गए | हम किसी से लड़ाई नहीं करते , पर कोई हमें छेड़े तो हम उसका डटकर सामना करते हैं |

मैं बड़ा होकर अपने देश के लिए कुछ करना चाहता हूँ , जिससे देश का नाम रोशन कर सकूँ |मेरा देश महान है |

**<u>(यह अनुच्छेद लेखन का नमूना है |इसी तरह किसी भी विषय पर अनुच्छेद दिया जा सकता है|)</u>**

**Poonam Mehra**